## महत्वपूर्ण एवं खास

### अमानक बारदानों को बदलने के मिलरों को जारी किए गए हैं निर्देश-जिला खाद्य अधिकारी

**रायगढ़।** स्पेशल डीओ में आ रहा अमानक बारदाना के संबंध में खबरें समाचार पत्र में प्रकाशित हुई थी। जिसके संबंध में खाद्य अधिकारी रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति में भेजे गये पुराने मिलर बारदानों का उपयोग धान खरीदी में किया गया है एवं अमानक बारदाना पाने की स्थिति में वह समिति स्तर पर रखा गया है। इस संबंध में समस्त संबंधित मिलरों को निर्देश जारी किये जा चुके है एवं जो अमानक बारदाना समिति स्तर में रखा गया है, उसको मिलर द्वारा बदली करने या वापस लिये जाने हेतु निर्देश दिया गया है।

### शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग से दुष्कर्म, जुर्म दर्ज

**रायगढ़।** दिनांक 13.01.2022 को चक्रधरनगर क्षेत्र की महिला थाना चक्रधरनगर आकर राकेश सिदार पिता रमेश सिदार उम्र 21 वर्ष निवासी कौहाकुण्डा पहाड़ मंदिर के विरूद्ध उसकी नाबालिग बालिका को शादी का प्रलोभन देकर भगा ले जाकर दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्टकर्ता बताई कि 03.11.2021 को मोहल्ले का राकेश सिदार द्वारा मेरी नाबालिक लड़की को शादी करने का प्रलोभन देकर बहला फुसला कर जबरजस्ती भगा ले जाकर मणीकंचन कुडा गोदाम टी व्ही टावर में रखा था। उसके बाद चन्द्रपुर ले गया था, दो दिन बाद अपने घर कौहाकुण्डा में लाकर रखा था। जब पता चला तो लड़की को लाने राकेश सिदार के घर गये तो राकेश भेजने से मना किया। तब बाल कल्याण समिति रायगढ में लड़की को मुक्त कराने के संबंध में आवेदन दी तो बाल कल्याण समिति द्वारा लकड़ी को राकेश के घर से लाकर बालसदन में रखे थे। बाल सदन से दिनांक 13.01.2022 को घर लाकर पूछताछ करने पर लड़की बताई कि राकेश सिदार के द्वारा उसे शादी करने का प्रलोभन देकर अपने साथ जबरजस्ती भगाकर ले गया था और लगातार शारीरिक शोषण किया है। आरोपी राकेश सिदार के विरूद्ध धारा 363, 366, 376 आईपीसी 4,6 पोक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। चक्रधरनगर पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिये दबिश दिया गया आरोपी फरार है।

### सीआरपीएफऔर पुलिस विभाग के 135 जवान कोरोना की चपेट में आए

**रायपुर (आरएनएस)।** सीआरपीएफ जवान और पुलिस विभाग भी कोरोना की चपेट में आए हैं। पीएचक्यू के 10 से ज्यादा पुलिस अधिकारियों की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। रायपुर के अलग-अलग थानों में 5 से ज्यादा जवान संक्रमित मिले हैं। बिलासपुर में 40 से ज्यादा पुलिस अधिकारी और जवान संक्रमित पाए गए हैं। बस्तर संभाग में सीआरपीएफ के लगभग 50 जवानों के कोरोना संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। रायगढ़ में भी 1 एएसआई समेत 30 आरक्षक कोरोना की चपेट में आए हैं। बता दें कि छग स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक बुधवार को प्रदेश में 5,476 नए कोरोना पॉजिटिव मरीज़ों की पहचान की गई थी। और वहीं 1,933 मरीज़ स्वस्थ होने के उपरांत डिस्चार्ज/रिकवर्ड हुए।

# गैर लक्षण वाले कोविड मरीजों के लिए विकासखंड मुख्यालयों में तैयार करें आइसोलेशन सेंटर्स-कलेक्टर

» होम आइसोलेटेड मरीजों का करें नियमित फॉलोअप

» कलेक्टर भीम सिंह ने जिला स्वास्थ्य समिति की ली वर्चुअल समीक्षा बैठक



**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने आज जिला स्वास्थ्य समिति की वर्चुअल समीक्षा बैठक ली। गैर लक्षण वाले ऐसे मरीज जिनके पास होम आइसोलेट होने की सुविधा नही है उनके लिए विकासखंड मुख्यालय में क्वारेंटिन सेंटर तत्काल शुरू करने के निर्देश उन्होंने बैठक में दिए। इन सेंटर्स में बेड, भोजन पानी आदि सभी जरूरी सुविधाएं विभागों के समन्वय से तैयार करने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया। कोविड मरीजों के उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज और केआईटी के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में भी वार्ड तैयार करने के लिए कहा। जिले के विभिन्न सीएचसी में लगाए गए ऑक्सीजन प्लांट्स का ट्रायल रन कर के देखने के निर्देश उन्होंने बायो मेडिकल इंजीनियर को दिए।

कलेक्टर सिंह ने कहा कि होम आइसोलेटेड मरीजों की विशेष देखरेख की जाय। होम आइसोलेशन में रह रहे मरीजों का नियमित फॉलोअप हो। उन्होंने इसके लिए सभी विकासखंडों में एक डेडिकेटेड टीम बनाने के निर्देश सभी बीएमओ को दिए। जिसके द्वारा होम आइसोलेशन के नॉर्म्स का पूरी तरीके से पालन सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर सिंह ने फॉलोअप के लिए डॉक्टर्स अलॉट करने और रोज आइसोलेटेड मरीजों के ऑक्सीजन सेचुरेशन और टेम्परेचर की जानकारी लेने के लिए कहा। जिससे मरीज की स्थिति बिगड़ने से पहले उसे हॉस्पिटल शिफ्ट किया जा सके। साथ ही उन्होंने कहा कि होम आइसोलेशन से जुड़े शासन की गाइडलाइन्स की भी मरीजों को जानकारी दी जाए।

बैठक में कलेक्टर सिंह ने जिले के अलग-अलग अस्पतालों में चल रहे निर्माण कार्य की प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड और सीजीएमएससी द्वारा विभिन्न विकासखंडों में बनाए जा रहे हमर लैब, ब्लड बैंक, एनआरसी के साथ ही दूसरे निर्माण कार्यों के बारे में जानकारी ली और संबंधित बीएमओ से भी फीडबैक लिया। निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति को लेकर कलेक्टर सिंह ने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों पर नाराजगी जतायी। उन्होंने गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए काम जल्द पूरा करने के लिए कहा। कलेक्टर सिंह ने अस्पतालों में मानव संसाधन की तैनाती पर भी चर्चा की। जहां आवश्यकता है वहां अतिरिक्त एएनएम व मेडिकल स्टाफ पदस्थ करने के निर्देश उन्होंने दिए।

कलेक्टर सिंह ने पिछले एक माह में डॉक्टर्स द्वारा ओपीडी और आईपीडी में मरीजों की जांच की भी समीक्षा बैठक के दौरान की। कम ओपीडी संख्या वाले डॉक्टर्स को अपने ड्यूटी वाले समय में अस्पताल में नियमित रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिये और जांच किये जा रहे मरीजों की जानकारी ऑनलाइन एंट्री करने के लिए कहा। कलेक्टर सिंह ने ब्लड बैंक्स में उपलब्ध ब्लड यूनिट के बारे में भी जानकारी ली और अस्पतालों में उपलब्ध यूनिट की रियल टाइम जानकारी अपडेट करते रहने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक के दौरान मरीजों के परिवहन पर भी चर्चा की। कुछ बीएमओ ने बताया कि कई दफे रात में 108 के माध्यम से मरीजों के परिवहन को लेकर दिक्कतें आती हैं। कलेक्टर सिंह ने इस पर 108 एजेंसी संचालक को हिदायत देते हुए कहा कि सभी वाहन अच्छे कंडीशन में हो और मरीजों का परिवहन बिना किसी दिक्कत के सुचारू रूप से होना चाहिए, अन्यथा कार्यवाही की जाएगी।

हाट बाजार क्लिनिक संचालन की भी कलेक्टर सिंह ने विकासखंडवार समीक्षा की। उन्होंने हाट बाजार में उपलब्ध कराए जाने वाले बीपी, शुगर, टीबी, मलेरिया, गर्भवती महिलाओं और बच्चों की जांच और उपचार सुविधा के आधार पर सभी बीएमओ और बीपीएम से जानकारी ली। उन्होंने लैलूंगा, घरघोड़ा, तमनार, धरमजयगढ़ व पुसौर में जांच संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। हाट बाजारों के लिए खरीदे गए वाहनों की जानकारी लेने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि वाहन रायगढ़ पहुंच चुके है जिसमें ब्रांडिंग का काम चल रहा है जिसके पश्चात उसे हाट-बाजार क्लिनिक में भेजना शुरू कर दिया जाएगा। इसी प्रकार धरमजयगढ़ के दुर्गम इलाकों के लिए खरीदी गई बाइक एम्बुलेंस एक दो दिन में रायगढ़ आ जाएगी। जिसके बाद उसका संचालन भी मरीजों के परिवहन में शुरू कर दिया जाएगा।

## युवती से छेड़खानी करने वाले आरोपी को भेजा गया रिमांड पर

» युवती को अकेली पाकर आरोपी घर में घुसकर किया छेड़खानी



**रायगढ़।** आज दिनांक 13.01.2022 को जूटमिल पुलिस द्वारा युवती से छेड़खानी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। कल दिनांक 12.01.2022 के सुबह युवती अपने परिजनों साथ चौकी जूटमिल आकर चौकी प्रभारी निरीक्षक उत्तम साहू को बताई कि सुबह मम्मी, पापा काम करने गये थे। घर में अकेली थी, उसी समय सुबह करीब 09 बजे योगेन्द्र महंत घर अन्दर आ गया और ÷तुमसे बात करना है बोला। योगेन्द्र महंत को बात करने से इंकार की तो दोनों हाथों को पकड़कर अकेली पाकर छेड़खानी करने लगा। तब उसे धक्का देकर शोर करते हुए दौड़कर घर से बाहर निकली और पड़ोस की बुआ को घटना बताई। शाम को मम्मी, पापा के घर आने पर उन्हें घटना की जानकारी देकर परिवार में सलाह होकर रिपोर्ट दर्ज कराये। चौकी प्रभारी द्वारा आरोपी पर धारा 454,354,354(क) भादवि के तहत अपराध कायम कर आरोपी की पतासाजी कर गिरफ्तार कर चौकी लाया गया। आरोपी योगेंद्र महंत पिता महेश्वर दास महंत उम्र 25 साल को आज सुबह न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## शासन की योजनाओं से श्रमिक परिवारों को मिल रही सहायता राशि

» श्रमिकों की मृत्यु व दिव्यांगता पर परिवारों को वितरित किए जा चुके है 3.25 करोड़ रुपए

**रायगढ़।** श्रम विभाग रायगढ़ में निर्माणी श्रमिकों का छ.ग.भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल एवं असंगठित श्रमिकों का असंगठित सामाजिक सुरक्षा मंडल के तहत पंजीयन किया जाता है। छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के तहत 87 हजार 829 श्रमिकों का एवं असंगठित सामाजिक सुरक्षा मण्डल के तहत 73 हजार 422 कुल 01 लाख 61 हजार 251 श्रमिकों का पंजीयन किया गया है। पंजीकृत श्रमिकों को सामान्य मृत्यु/दुर्घटना में मृत्यु होने पर राशि 01 लाख अनुग्रह सहायता राशि दिये जाने का प्रावधान है। श्रम विभाग की वेबसाईट cglabour.nic.in के अंतर्गत किसी भी च्वाईस सेंटर से ऑनलाइन आवेदन किया जाना होता है।

छ.ग.भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के अन्तर्गत मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना 9 जून 2020 से संचालित है एवं असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल के अन्तर्गत असंगठित कर्मकार मृत्यु/दिव्यांग सहायता योजना दिनांक 9 दिसम्बर 2019 से संचालित है। योजना प्रारंभ होने से आज दिनांक तक छ.ग.भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के तहत मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना में 210 श्रमिकों को 2 करोड़ 10 लाख रुपये से लाभान्वित किया गया है एवं असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल के तहत असंगठित कर्मकार मृत्यु/दिव्यांग सहायता योजना में 115 श्रमिकों को राशि 01 करोड़ 15 लाख रुपये से लाभान्वित किया गया है।

छ.ग.भवन निर्माण मण्डल के अंर्तगत तहसील रायगढ़ के ग्राम डीपापारा पोस्ट देवरी के पंजीकृत श्रमिक राजेश दास की पत्नी श्रीमती रेखा को उनके पति की मृत्यु होने पर मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के तहत 01 लाख की सहायता राशि प्रदाय की गई है। उनकी पत्नी श्रीमती रेखा ने बताया कि मिली सहायता राशि उन्होंने कुछ पैसे से कर्ज चुकाये और बाकी पैसे को घर बनाने के लिये रखी हूँ। पंजीकृत मृतक हितग्राही गुलशन खातुन पति पति मोईन असारी के द्वारा बताया गया कि श्रम विभाग द्वारा प्राप्त सहायता राशि 01 लाख को अपने बच्चों के नाम से जमा किया।

## शराब रेड : दो कार्रवाई में 60 लीटर महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

» ओडिशा से बाइक पर शराब परिवहन कर रहे आरोपी से 20 लीटर महुआ शराब की जब्त

» अवैध बिक्री के लिये पम्प घर में छिपाकर रखा 40 लीटर महुआ शराब बरामद



**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी लखन पटले, सीएसपी योगेश कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर आज शहर में अवैध शराब बिक्री करने वालों पर अभियान चलाकर कार्रवाई किया गया जिसमें शाम तक पुलिस चौकी जूटमिल क्षेत्र के भाठनपाली में दो कार्रवाई में 60 लीटर महुआ शराब के साथ अवैध कारोबार में संलिप्त दो लोगों को गिरफ्तार कर चौकी लाकर आरोपियों पर आबकारी एक्ट की अजामनतीय धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है।

आज दिनांक 13-01-2022 के शाम चौकी प्रभारी जूटमिल निरीक्षक उत्तम साहू को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम भाठनपाली का गंगाराम साव घर पर अवैध रूप से शराब बिक्री करता है, सूचना पर चौकी प्रभारी स्टाफ लेकर भाठनपाली पहुंचे। जहां गंगाराम साव को तलब कर पूछताछ करने पर शराब बिक्री से इंकार किया, कड़ी पूछताछ एवं गवाहों के साथ आसपास क्षेत्र की तलाशी लिये जाने पर गंगाराम साव उसके पम्प घर में प्लास्टिक पॉलिथन में भरकर महुआ शराब छिपाकर रखा हुआ था। आरोपी गंगाराम साव पिता हीराल लाल साव उम्र 30 वर्ष निवासी भाठनपाली चौकी जूटमिल द्वारा बिक्री के लिये छिपाकर रखना बताया। आरोपी के कब्जे से 40 लीटर महुआ शराब बरामद कर जप्ती की गई है।

कार्रवाई दौरान भाठनपाली में मुखबिर द्वारा सूचना दिया गया कि गांव का अशोक सिदार पिता गंगाराम सिदार उम्र 45 वर्ष निवासी भाठनपाली अवैध बिक्री के लिये ओडिशा शराब लेने गया, सूचना पर टीआई उत्तम साहू स्टाफ के साथ ग्राम भाठनपाली बस्ती में छिपकर आरोपी के आने का इंतजार किये जो प्लेटिना मोटर सायकल सीजी 13 एएम 9724 में महुआ शराब लाते मिला जिसे रोककर पूछताछ करने पर अवैध बिक्री के लिये शराब लाना बताया, आरोपी के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब की जप्ती की गई है। दोनों कार्रवाई में दो आरोपियों की गिरफ्तारी की गई कुल 60 लीटर महुआ शराब, एक मोटर सायकल प्लेटिना की जप्ती कर आरोपियों पर धारा 34(2),59(क) आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई है। शराब रेड कार्रवाई में चौकी प्रभारी उत्तम साहू, प्रधान आरक्षक विजय गोपाल, आरक्षक जितेन्द्र दुबे, बनारसी सिदार, सत्या यादव एवं हेंमत चन्द्रा की अहम भूमिका रही है।

## फरार वारंटी को जोबी पुलिस ने गिरफ्तार कर की न्यायालय पेश



**रायगढ़।** पुलिस चौकी जोबी प्रभारी उप निरीक्षक थानूराम नायक द्वारा मारपीट मामले के फरार वारंटी मोतीराम निषाद पिता लालाराम निषाद उम्र 38 वर्ष निवासी केवाली चौकी जोबी को आज दिनांक 13.01.2022 को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। आरोपी के विरूद्ध शकुन्तला बाई राठिया पति जनता राम राठिया ग्राम केवाली द्वारा उसके तालाब में मछली पकड़ने से मना करने पर आरोपी द्वारा गाली गलौच कर मारपीट करने की रिपोर्ट चौकी में दर्ज करायी थी। आरोपी मोतीलाल निषाद न्यायालय पेशी पर उपस्थित नहीं होने पर जेएमएफसी न्यायालय खरसिया द्वारा आरोपी के विरूद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी कर जोबी प्रभारी को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश करने का निर्देश दिया गया था जिसके पालन के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है।

## जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने आवासीय विद्यालय झगरपुर की बालिकाओं के लिए दिए कंबल और फर्स्ट एड बॉक्स

**रायगढ़।** जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय झगरपुर की बालिकाओं के लिए कंबल, प्लास्टिक के फर्स्ट एड बॉक्स, मास्क, थाली व गिलास भेंट किया।

उल्लेखनीय है कि विगत दिनों विकासखंड लैलूंगा के आवासीय विद्यालय झगरपुर में निरीक्षण के लिए पहुँचे जिला पंचायत अध्यक्ष रायगढ़ निराकार पटेल ने वहां की बालिकाओं के लिए कंबल उपलब्ध करवाने की बात कही थी। इसी कड़ी में आज जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय झगरपुर पहुंचकर बालिकाओं के लिए कंबल, फर्स्ट एड बॉक्स, मास्क, थाली व गिलास भेंट की। इसमें रायगढ़ के सामाजिक संगठन अखिल भारतीय अग्रवाल समाज के पदाधिकारियों की विशेष सहभागिता रही। समाज की ओर से कस्तूरबा गांधी कन्या आवासीय विद्यालय के बच्चियों को 100 कंबल, संतोष अग्रवाल द्वारा फर्स्ट एड बॉक्स, सुरेश गोयल द्वारा मास्क, 100 थाली व 100 गिलास भेंट किया गया।

श्री संतोष अग्रवाल कहते है कि हम हमेशा समाज में सेवा के लिए आगे बढ़कर काम करते रहे हैं। अवसर मिलने पर जरूरतमंद लोगों की सेवा करना हम अपना सौभाग्य समझते हैं। हमें खुशी है कि हम आवासीय विद्यालय की बच्चियों को अपनी तरफ से सेवाभेंट रहे है। सुरेश गोयल ने कहा कि सामाजिक संगठन के रूप में अथवा व्यक्तिगत रूप से जन सेवा व जरूरतमंद लोगों की सेवा करना हम अपना सामाजिक दायित्व समझते हैं। बिना किसी प्रतिफल की इच्छा किए हम सामाजिक दायित्व निभाते रहते हैं। आज हम बच्चियों के लिए कुछ कर पाए यह हमारा सौभाग्य है।

जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा आर.के देवांगन ने बताया कि कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में गांव में रहने वाली अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक समुदाय और गरीबी रेखा से नीचे की लड़कियों व विषम परिस्थितियों में जीवन यापन करने वाले लड़कियों के लिए आवासीय विद्यालय के माध्यम से गुणवत्ता युक्त शिक्षा आवास व सुविधाएं उपलब्ध करायी जाती हैं।

## विद्यार्थियों को शिक्षा के नवाचारी मॉडलों से परिचय कराने एवं अंतर्निहित प्रतिभा को निखारने सारंगढ़ में हुआ ऑनलाईन प्रतियोगिता

**रायगढ़।** कोरोना काल में बच्चों की पढ़ाई जारी रखने के साथ ही उनकी प्रतिभा को निखारने एवं संवारने शासन-प्रशासन के द्वारा हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। पढ़ाई तुंहर दुआर के प्रथम चरण की आशातीत सफलता के बाद शिक्षा के विविध आयमों में बच्चों में अपेक्षित दक्षता, कला कौशल, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नई सोच विकसित करने पढ़ाई तुंहर दुआर 2.0 संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा पहली से लेकर बारहवीं तक के विद्यार्थियों को शिक्षा के नवाचारी मॉडलों से परिचय कराना तथा बच्चों में अंतर्निहित प्रतिभा को निखारने का नवा जतन करना है। पढ़ाई तुंहर दुआर 2.0 का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के नवाचारी और वैकल्पिक माध्यमों से बच्चों को सामाजिक परिवेश से जोड़ने, मौखिक अभिव्यक्ति, वैज्ञानिक नजरिये विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए सीखने के नए अवसर उपलब्ध कराना है। शिक्षा के विभिन्न अभियान के तहत बच्चों में आत्मविश्वास पैदा करना है, जो सीखने की प्रक्रिया में सहायक बन सके।

बच्चों के नैसर्गिक प्रतिभा को संवारने तथा शिक्षा के समसामयिक गतिविधियों से रूबरू कराने एवं उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इन दिनों राज्य शिक्षा परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के निर्देशानुसार कलेक्टर भीम सिंह के निर्देशन में जिला शिक्षा अधिकारी आरपी आदित्य तथा जिला मिशन समन्वयक आर.के.देवांगन के मार्गदर्शन में इन दिनों सभी विकासखण्डों में माध्यमिक एवं हाई/हायर सेकेंडरी में अध्ययनरत बच्चों के लिए विविध विधाओं के संदर्भ में वर्चुअल/ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विगत दिवस विकासखण्ड स्त्रोत केन्द्र सारंगढ़ में ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विकासखण्ड के विभिन्न संकुलों से चयनित बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत पठन-लेखन कौशल, गणितीय कौशल, विज्ञान परियोजना कार्य जैसे शिक्षा के विविध आयम में होनहार तथा प्रतिभाशाली बच्चों ने अपनी कल्पनाओं, सृजनशीलता के अनुरूप रंग भरे। बच्चों मे विभिन्न स्तरों पर मूलभूत गणितीय कौशल विकास, सृजनात्मक लेखन एवं पठन कौशल, विज्ञान में अलग-अलग प्रायोगिक प्रदर्शन और विभिन्न विषयवस्तु में नई सोच एवं कल्पनाओं को प्रोजेक्ट कार्य के रूप में प्रदर्शित कर अपनी अपनी कला कौशल का प्रदर्शन किया।

विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी आरएन सिंह ने बताया कि कोरोना के बढ़ते संक्रमण के मद्देनजर यह कार्यक्रम ऑनलाइन आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि बच्चों मे पढ़ाई की निरंतरता के साथ कल्पनाशीलता, सृजनशीलता और वैज्ञानिक सोच को आगे बढ़ाने के लिए यह एक अच्छा कदम है। सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुर्रे ने बताया कि पढ़ाई तुंहर दुआर 2.0 के अंतर्गत आयोजित यह कार्यक्रम बच्चों के समग्र विकास के लिए सशक्त माध्यम है। बीआरसी शोभाराम पटेल ने कहा कि बच्चों को उनकी सृजनशीलता का स्वाभाविक विकास करने के लिए भरपूर अवसर प्रदान करता है। पढ़ाई तुंहर दुआर 2.0 का यह कार्यक्रम शिक्षा के अलग-अलग विधाओं मे बच्चों के व्यक्तित्व का समुचित विकास का पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराती है। जिससे बच्चे विभिन्न जीवन कौशलों में पारंगत होकर सुंदर भविष्य की कल्पना को साकार कर सकते हैं।

कार्यक्रम में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी आर.एन सिंह, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी द्वय मुकेश कुर्रे, श्रीमती सोमा सिंह, बीआरसी शोभाराम पटेल, शैक्षिक समन्वयक तथा तकनीकी अधिकारी राजेश देवांगन, सत्येन्द्र बसंत उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल के द्वारा विभिन्न विधाओं मे से माध्यमिक खण्ड तथा हाई/हायर सेकेंडरी के प्रथम प्रतिभागी का जिला स्तर के लिए चयन किया गया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480